# हिन्दुस्तान जिंक के समर कैंप में सर्वांगीण विकास पर बल

## जिले के सात विद्यालयों में चल रहे हैं शिविर

**अजमेर।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड, कायड़ माइंस और विद्या भवन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। कैंप में कायड़ माइंस के कर्मचारियों ने वॉलेंटियरिंग कर शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरियर परामर्श, जीवन कौशल, जलवायु परिवर्तन और सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स क्विज एवं सत्रों का आयोजन किया। इस दौरान आकर्षक विज्ञान तथ्य, संस्कृति और कला से परिचय कराते हुए गतिविधियां भी आयोजित की गई। सत्रों में मानवता और प्रकृति पर इसके प्रभावों, पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के महत्व और वेस्ट मैनेजमेंट और रिसाइकल



के महत्व पर जोर दिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर, उठोरी सखी दीदियों ने जल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रों के साथ वर्षा जल संचयन और भूमिगत भंडारण के बारे में चर्चा की गई। अजमेर जिले के 7 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कायड़, गगवाना, माकड़वाली, चाचियावास, पदमपुरा, एमजीजीएस गगवाना और लोहागल के कक्षा 9 से 10 में प्रवेश होने वाले लगभग 200 विद्यार्थियों को शिविर में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय के साथ-साथ इस वर्ष आवासीय कैम्प में डिजिटल कक्षाएं, ऑडियो-विजुअल सामग्री, हैंड्स-ऑन गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।